पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 06.07.2024

दिनांक 06/07.07.2024 को थाना चौक 03, अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में थाना माल 01, अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 दक्षिणी

जुआ खेलते/ खिलवाते समय गिरफ्तार।

थाना कृष्णानगर- दिनांक 06.07.2024 को उ0नि0 श्री रामनयन मिश्र थाना कृष्णानगर मय फोर्स हमराही के दौराने गस्त अभियुक्त 1. अवधेश रस्तोगी पुत्र लाल बहादुर रस्तोगी नि0 ग्राम धौरारा थाना जनपद लखीमपुर खीरी उम्र करीब 35 वर्ष हाल पता बारा बिरवा फुटपाथ थाना कृष्णानगर 2. रामजीवन पुत्र स्व0 रामेश्वर निवासी ग्राम शिव बक्स खेड़ा थाना बेहटा जनपद उन्नाव उम्र करीब 44 वर्ष 3. पिंकेश कुमार पुत्र पैकरमा प्रसाद निवासी ग्राम ऐरा थाना ईशानगर जनपद लखीमपुर खीरी उम्र करीब 26 वर्ष को सार्वजानिक स्थान बाराबिरवा चौराहे के समीप स्थित मान सरोवर मार्केट बीट एलडीए प्रथम थाना कृष्णानगर से जुआ खेलते/ खिलवाते समय गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व जामा तलाशी में 600/- रुपये बरामद कर थाना कृष्णानगर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

भादवि/ बी0एन0एस0

थाना गाजीपुर- दिनांक 07.07.2024 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादी श्री मिथिलेश कुमार निवासी डी 3151 इन्दिरा नगर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि दिनांक 05.07.2024 के वादी के क्रेडिट कार्ड (RBL BANK) से शाम 8.00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करके छोटे बड़े मिलाकर 6 ट्रान्जिशन द्वारा 43000/-रुपये निकाल लिया गया। जिसकी कम्प्लेन्ट वादी ने तुरन्त बैंक एवं दिनाँक 06.07.2024 को लखनऊ साइबर सेल में दर्ज करा दी है। **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0- 288/2024 धारा- 318(4) बी0 एन0 एस0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना आलमबाग- दिनांक 07.07.2024 को थाना आलमबाग द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती पूनम श्रीवास्तव पत्नी स्व0 श्री द्विजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निवासिनी 557/45, प्रेमकुटी ओमनगर थाना आलमबाग लखनऊ ने थाना आलमबाग को सूचना दिया कि वादिनी खादी ग्रामोद्योग से सेवानिवृत हुई है। दिनांक 13.05.2024 को दिन में मोहल्ले वालों द्वारा सुचना मिली थी कि वादिनी के उपरोक्त मकान में ताला तोड़ कर चोरी हुई है। उक्त घटना पर दिनांक 04.07.2024 पर जब वादिनी अपने निवास स्थान पहुंच कर देखा तो किसी अज्ञात चोरों द्वारा वादिनी के घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने- चांदी के जेवरात, कपड़े, धातु की मूर्ति, घड़ियां, पासबुक, रसीदें व 18,000/- रुपये नगद चोरी कर लिया है व वादिनी के घर से गैराज तक जाने वाला बिजली का कनेक्शन काट कर सारी तार चोरी कल ले गये। घर में लगे सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरों की पावर सप्लाई भी काट कर अपने साथ दो कैमरा ले गये। **इस सूचना पर थाना आलमबाग पर मु0अ0सं0- 125/2024 धारा- 380/427/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**